**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/पी0पी0पी0 मोड/
निजी क्षेत्र के संस्थान।

**पत्रांकः—प्राशिप/अनु04/2025/2752** **लखनऊःदिनांक— 30—6—2025**

**विषयः—वार्षिक परीक्षा (फार्मेसी), जून—2025 की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के पत्र संख्या प्राशिप/अनु04/2025/2626 दिनांक 25—6—2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा डिप्लोमा इंजीनियरिंग की प्रयोगात्मक परीक्षाएं दिनांक 27—6—2025 तक एवं डिप्लोमा फार्मेसी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं दिनांक 30—6—2025 तक प्रत्येक दशा में संपन्न कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि डिप्लोमा इंजीनियरिंग की प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक परिषद के पोर्टल के माध्यम से परीक्षक से प्रत्येक दशा में दिनांक 2—7—2025 तक अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

सूच्य है कि कतिपय संस्थानों द्वारा अभी तक वार्षिक परीक्षा (फार्मेसी) की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न नहीं करायी गयी है। यह अत्यंत खेद का विषय है। शासन द्वारा दिनांक 05 जुलाई 2025 तक परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त के दृष्टिगत अंतिम रूप से अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 02 जुलाई 2025 तक प्रत्येक दशा में फार्मेसी की प्रयोगात्मक परीक्षा आवंटित परीक्षक से संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

उक्त निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक 02 जुलाई 2025 के उपरांत किसी भी दशा में पुनः अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा। साथ ही परीक्षा संपन्न होने के उपरांत परीक्षक से परिषद के पोर्टल के माध्यम से अंक अपलोड कराना सुनिश्चित करें, जिससे समयान्तर्गत परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

**पृ0सं0— प्राशिप/अनु04/2025/2753—55** **तद्दिनांक— 30—6—2025**

**प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—**

1. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव